प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 08.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. जीएसटी सुधारों पर भाजपा संसदीय दल ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव किया पारित, उत्पादकों और व्यापारियों से दर कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का आह्वान।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक धनबाद समेत पूरे राज्य में मनाएगा सेवा पखवाड़ा, स्वास्थ्य शिविर सहित कई कार्यक्रम होंगे आयोजित।
3. "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अंतर्गत आज रांची में होगा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन, गोवा के कलाकार पेश करेंगे विविध सांस्कृतिक नृत्य।
4. स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को मिली अज्ञात नंबर से जान से मारने की धमकी, पुलिस अलर्ट होकर जांच में जुटी।
5. मौसम विभाग ने दोपहर बाद देवघर समेत आठ जिलों में बारिश और तेज हवा चलने की जताई संभावना, लोगों से सतर्क रहने की अपील।

*****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भाजपा सांसदों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयोजित कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करेंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कल इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला अत्यंत व्यवस्थित रही है और प्रधानमंत्री स्वयं भी सभी प्रशिक्षण सत्रों में उपस्थित थे।

*****************

भारतीय जनता पार्टी संसदीय दल ने नई दिल्ली में आयोजित भाजपा सांसदों की प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों का प्रस्ताव सर्वसम्मति से मंजूर कर लिया है। इसमें उत्पादकों और व्यापारियों से जीएसटी दरों में कटौती का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का आह्वान किया गया है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि कीमत कम होने से मांग बढ़ेगी और करोबार तथा अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

प्रस्ताव में यह भी उल्लेख किया गया है कि मासिक जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रूपये तक पहुंचना अधिक अनुपालन और अर्थव्यवस्था के मजबूत होने का संकेत है। आठ वर्षों में जीएसटी करदाताओं की संख्या, 2017 के 66 लाख से दुगुनी होकर डेढ करोड से अधिक हो गई है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में वार्षिक संग्रह बढ़कर 22 लाख करोड़ से अधिक हो गया है।

*****************

स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दिवाली से पहले अगली पीढी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। अधिक सक्षम और जनहितैषी अर्थव्यवस्था बनाने का प्रधानमंत्री का यह वादा 3 सितंबर को पूरा हुआ, जब जीएसटी परिषद ने आम आदमी पर ध्यान केंद्रित करते हुये दरों को तर्कसंगत बनाने की मंजूरी दी। आज हम नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में किए गए सुधारों पर नज़र डालेंगे।

*****************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक धनबाद समेत पूरे राज्य में सेवा पखवाड़ा का आयोजन करेगी। पार्टी नेता अमर कुमार बाउरी ने बताया कि इस दौरान रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर और दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे।

*****************

एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अंतर्गत आज रांची के स्टेट म्यूजियम में शाम 5 बजे से सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिस में गोवा के कलाकार सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत करेंगे। इस कार्यक्रम का

आयोजन पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता और झारखंड सरकार के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय की सहभागिता से होगा।

*****************

पाकुड़ में मिशन वात्सल्य योजना के तहत बाल संरक्षण पर पांच दिवसीय वर्टिकल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। रांची स्थित सावित्रीबाई फुले महिला एवं बाल विकास संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण में शिक्षा विभाग, बाल संरक्षण इकाई, पुलिस और स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

*****************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी को कल देर रात बोकारो सर्किट हाउस में ठहरने के दौरान अज्ञात नंबर से जान से मारने की धमकी मिली। कॉल करने वाले ने अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मंत्री को जल्द उड़ा देने की चेतावनी दी, जिसके बाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है और मामले की जांच कर रही है। इससे पहले 27 अगस्त को भी मंत्री को धमकी मिली थी, जिस मामले में आरोपी को पुलिस ने पटना से गिरफ्तार किया था।

*****************

रांची के रातू में हुए हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए 10 घंटे के भीतर मास्टरमाइंड समेत छह अपराधियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों को अलग–अलग जगहों से पकड़ा है और घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किया है।

*****************

सिमडेगा पुलिस ने ऑपरेशन रेड हंट के चौथे चरण में चोरी, लूट और मारपीट के पांच लाल वारंटियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी ऐसा भी था जो 38 वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक एम अर्शी ने बताया कि इस अभियान में अब तक कुल 28 लाल वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है।

*****************

भारत और अमरीका टैरिफ विवाद के बीच आज भारतीय बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 256 अंक बढ़कर 80 हजार 967 पर और निफ्टी 85 अंक बढ़कर 24 हजार 826 पर खुला।

*****************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख आठ सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 32 हजार रुपये प्रति किलो है।

*****************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में मोटर दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं पीड़ित लोगों को राहत दिलाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विशेष पहल की जा रही है।

*****************

मौसम विभाग ने आज दोपहर बाद देवघर, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज जिलों में बारिश और तेज हवाओं की संभावना जताई है। इन जिलों में हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और बिना जरूरत बाहर न निकलने की अपील की है।

*****************